आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 03.09.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किसानों की आर्थिक स्थित को अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए प्रभावी प्रयास करने की जरूरत पर जोर दिया।
- सरकार ने राज्य के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में संविदा के माध्यम से भर्ती सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सकों के वेतन में वृद्धि को मंजूरी दी।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का सभी शैक्षणिक संस्थानों से बालिकाओं के लिए सुरक्षित वातावरण बनाने का आह्वान।
- विश्व बैंक ने मौजूदा वित्त वर्ष के लिए भारत का सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर अनुमान बढ़ाकर 7 प्रतिशत किया।

कृषक आर्थिकी सुदृढीकरण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किसानों को कृषि और औद्यानिकी के क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं का लाभ देने के लिए राज्य और जिला स्तर पर बड़े कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया है कि किसानों को विभिन्न योजनाओं का लाभ एक पैकेज के रूप में मिल सके। मुख्यमंत्री ने आज सचिवालय में कृषि और उद्यान विभाग की समीक्षा ली। उन्होंने किसानों की आर्थिक स्थित सुदृढ़ करने के लिए प्रभावी प्रयास करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि राज्य में पॉलीहाउस के निर्माण में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए पॉलीहाउस योजना सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि पॉलीहॉउस के निर्माण में देरी होने पर संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जायेगी।
मुख्यमंत्री ने कृषि यंत्रीकरण योजना से किसानों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। इस योजना के तहत अनेक कृषि यंत्रों पर 80 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी ग्राम पंचायतों को फार्म मशीनरी बैंक योजना से जोड़ा जाए।
मुख्यमंत्री ने जोर देते हुए कहा कि राज्य में मिलेट को बढ़ावा देने के लिये और अधिक प्रयासों की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मिलेट उत्पादन को बढ़ावा देने के लिये कृषि क्षेत्र बढ़ाने के साथ उत्पादकता बढ़ाने के लिए प्रत्येक साल की कार्ययोजना बनाई जाए। श्री धामी ने राज्य में प्राकृतिक खेती को और बढ़ावा देने के भी निर्देश दिए।

महिला सशक्तिकरण

राज्य की महिलाओं की आर्थिकी सुधारने के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयासरत है। प्रदेश में अभी तक 28 महिलाओं को नमो ड्रोन दीदी योजना से जोड़ा गया है। इस वर्ष इस योजना से 280 महिलाओं को जोड़ा जायेगा। राज्य मिलेट मिशन नीति के तहत वर्तमान में एक हजार महिलाओं के समूह गठित किये गये हैं। वर्ष 2025 तक इन समूहों की संख्या तीन हजार करने का लक्ष्य है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से भी महिलाओं को मजबूत बनाया जा रहा है और अब तक पांच हजार महिला कृषकों को स्वरोजगार के लिए जैविक खेती प्रशिक्षण दिया गया है। उत्पादन और संगंध कृषि एवं प्रसंस्करण के क्षेत्र में भी महिलाओं की भागीदारी बढ़ाई जा रही है।

वेतन बढोत्तरी

राज्य के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में संविदा के माध्यम से भर्ती सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सकों के वेतन में वृद्धि को मंजूरी दे दी गयी है। चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि राजकीय मेडिकल कॉलेजों में संविदा पर तैनात सुपर स्पेशियलिटी व रेडियोलॉजी विभागों की फैकल्टी के वेतनमान का पुनर्निर्धारण कर बढ़ोतरी की गयी है। इससे पर्वतीय क्षेत्रों के मेडिकल कॉलेजों में आ रही चिकित्सकों की कमी को दूर किया जा सकेगा। साथ ही मेडिकल छात्रों की पढाई निर्बाध रूप से चल सकेगी। डॉ. रावत ने बताया कि पुनर्निर्धारित वेतनमान के तहत कार्डियोलाजी, नेफ्रोलाजी, न्यूरोसर्जरी, प्लास्टिक सर्जरी, यूरोलॉजी व रेडियोलॉजी विभाग में तैनात सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सकों को बढ़ा हुआ वेतनमान दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि संविदा के आधार पर तैनात फैकल्टी के कार्य प्रदर्शन के मूल्यांकन के आधार पर मानदेय में प्रतिवर्ष वृद्धि का भी प्रावधान रखा गया है। इसके तहत असिस्टेंट प्रोफेसर और सीनियर रेजिडेंट के मानदेय में उत्तम कार्य प्रदर्शन के आधार पर 10 प्रतिशत और एसोसिएट तथा प्रोफसर के मानदेय में 7 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि की जायेगी।

नितिन गडकरी

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि सड़कों पर नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि है। आज नई दिल्ली में टनलिंग इंडिया के दूसरे संस्करण को संबोधित करते हुए श्री गडकरी ने बारिश, भूस्खलन और बाढ़ के मद्देनजर सड़कों के प्रभावी स्थायी समाधान की आवश्यकता पर बल दिया। सीमा सड़क संगठन के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल रघु श्रीनिवासन ने कहा कि भारत में सुरंग बनाने की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि सुरंगों के कई महत्वपूर्ण लाभ हैं।

राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि सभी शैक्षणिक संस्थानों को बालिकाओं के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना चाहिए क्योंकि वे देश के विकास का अभिन्न अंग है। उन्होंने यह बात आज पुणे में सिम्बिओसिस विश्वविद्यालय के 21वें दीक्षांत समारोह के अवसर पर कही।

सेमिनार

राजभवन में आज वित्तीय एवं कर साक्षरता पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में बैंकिंग प्रणाली और सरकार की ऋण योजनाओं, वित्तीय संकट और इससे निपटने के उपायों, धन प्रबंधन, सेवानिवृत्ति और उत्तराधिकार योजना, बचत और निवेश जैसे विषयों पर चर्चा की गई।
इस दौरान राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने अधिक से अधिक लोगों को वित्तीय साक्षरता की जानकारी देने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि देश में अभी भी बड़ी संख्या में लोग ऐसे हैं, जिन्हें वित्तीय प्रबंधन, निवेश, बचत, और कराधान की जानकारी नहीं है जिससे वे अपनी आय का प्रभावी ढंग से प्रबंधन नहीं कर पाते।

विश्व बैंक

विश्व बैंक ने वित्त वर्ष 2024–25 के लिए भारत की विकास दर पूर्वानुमान को छह दशमलव छह प्रतिशत से बढाकर सात प्रतिशत कर दिया है। विश्व बैंक ने कहा है कि देश की आर्थिक वृद्धि, निजी खपत और निवेश जैसे मुख्य कारकों के कारण मध्यम अवधि में मजबूत बनी रहेगी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भी वित्त वर्ष 2024–25 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद के वृद्धि दर अनुमान को बीस आधार अंकों से बढाकर सात प्रतिशत कर दिया है।

छापेमारी अभियान

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर आज राज्य में शराब की दुकानों पर छापेमारी अभियान चलाया गया। श्री धामी ने दुकानों पर ओवर रेटिंग की शिकायत सही मिलने और स्टॉक और बिक्री रजिस्टर मेंटेन नहीं होने पर दुकानों को सीज करने के निर्देश दिये हैं। प्रशासन और आबकारी विभाग की टीम ने प्रदेश में 100 से अधिक शराब की दुकानों पर छापेमारी की।

बिल लाओ ईनाम पाओ

बिल लाओ ईनाम पाओ योजना के तहत मार्च 2024 के करीब पंद्रह सौ विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने बताया कि उपभोक्ताओं को सामान के साथ जीएसटी बिल लेने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से यह योजना 1 सितंबर 2022 को शुरू की गई थी। इस योजना में 31 मार्च 2024 तक 86 हजार नौ सौ पांच उपभोक्ता पंजीकृत हुए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले साल के सापेक्ष इस साल 12 प्रतिशत ज्यादा जीएसटी अर्जित की गई।

राष्ट्रीय पोषण माह

बागेश्वर में राष्ट्रीय पोषण माह के अन्तर्गत आज बाल विकास विभाग ने जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान छात्र छात्राओं को पोषण की जरूरत और उसकी महत्ता को लेकर जानकारी दी गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेंद्र कुमार ने बताया की पोषण माह के तहत स्कूली बच्चो को संतुलित आहार और स्थानीय खाद्य–पदार्थों का अधिक से अधिक उपयोग करने के संबध में बताया गया। पोषण माह कार्यक्रम के माध्यम से जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में महिलाओं, आमजनों व ग्रामीणों को राष्ट्रीय पोषण माह के उद्देश्यों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। गौरतलब है कि देशभर में पहली से 30 सितंबर तक राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष पोषण माह का विषय सुपोषित भारत, साक्षर

भाजपा सदस्यता अभियान

भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान आज से उत्त्राखण्ड में शुरू हो गया है। देहरादून में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट द्वारा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पार्टी की औपचारिक सदस्यता देने के साथ अभियान की शुरूआत हुई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सदस्यता अभियान के साथ यह पार्टी का संगठन पर्व भी है, नए सदस्यों को जोड़ने का काम भी इसमें होगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के नेतृत्व में 10 करोड़ सदस्यता का जो लक्ष्य रखा गया है उसमें उत्तराखंड अपनी भूमिका निभाएगा।

भाजपा का राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान कल दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सदस्यता से शुरू हुआ। प्रदेश में कल से जिला स्तर पर स्थानीय सांसदों, विधायकों और अन्य जनप्रतिनिधियों समेत वरिष्ठ पदाधिकारियों को सदस्यता दिलाई जाएगी। शुरुआती पखवाड़े में घर–घर संपर्क के बाद सदस्यता अभियान के बड़े कार्यक्रम चलाए जाएंगे। दो चरणों में संपन्न होने वाले सदस्यता अभियान के बाद अक्टूबर के महीने में 16 से 31 तक सक्रिय सदस्य बनाए जाएंगे।

जटायु मशीन

बागेश्वर की जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने कपकोट में स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता मशीन (जटायु) का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इससे जहां एक ओर शहर स्वच्छ रहेगा, वहीं दूसरी ओर पर्यावरण मित्रों को कूड़ा उठाने में भी आसानी होगी। जिलाधिकारी ने बताया कि स्वच्छता मशीन के सफल प्रयोग के बाद अन्य निकायों में भी जटायु मशीन को प्रयोग में लाने का प्रयास किया जाएगा।

प्रशिक्षण

रुद्रप्रयाग में भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान–आरसेटी द्वारा विकास खंड जखोली मे 31 महिलाओं को 10 दिवसीय अचार, पापड़ और मसाला पाउडर बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। संस्थान के निदेशक किशन सिंह रावत ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में महिलाओं को स्थानीय स्तर पर उपलब्ध स्वरोजगार और बैंकिंग से जुड़ी महत्वपूर्ण योजनाओं के संबंध में भी जानकारी दी गयी।